पानी को व्यर्थ बहने और दूषित होने से बचाना चाहिए

करनाल | राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा के तत्वावधान में बसताड़ा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेविकाओं ने जल संरक्षण एवं पॉलीथिन मुक्त गांव विषय पर संदेश रैली निकाली। इसके माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने संदेश दिया कि जल सभी के लिए बहुत जरूरी है। जल के बिना जीवन की कल्पना करना भी असंभव है। जल पृथ्वी के सभी जीवों के लिए अमृत के समान है। पानी को व्यर्थ बहने और दूषित होने से बचाना चाहिए। वर्तमान समय में विश्व के अनेक देश पानी के संकट की समस्या से गुजर रहे हैं। इसके साथ ही स्वयं सेविकाओं ने पॉलीथिन का हमारे पर्यावरण और हमारे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के विषय में बताते हुए कहा कि पॉलीथिन न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य के लिए भी हानिकारक होता जा रहा है। इस अवसर पर हिंदी प्राध्यापक डॉ. विक्रम सिंह उपस्थित रहे।